भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 259

जिसका उत्तर मंगलवार, 22 जुलाई, 2025/31 आषाढ़, 1947 (शक) को दिया गया

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों की संख्या

259. **श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में कर्मचारियों की कुल संख्या का वर्ष-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे पीएसबी में स्वीकृत पदों और भरे गए पदों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय विभिन्न पीएसबी में कर्मचारियों की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं से अवगत है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक (पीएसबी) बोर्ड अधिशासित वाणिज्यिक संस्थाएं हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रत्येक बैंक में जनशक्ति की आवश्यकता का निर्धारण संबंधित पीएसबी द्वारा विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है जिनमें, *अन्य बातों के साथ-साथ,* व्यवसाय की आवश्यकता, कार्यकलापों का विस्तार, अधिवर्षिता और अन्य अनियोजित निकास शामिल हैं। तदनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है और यह उनकी आवश्यकताओं के आधार पर वर्ष दर वर्ष बदलती रहती है।

पीएसबी से प्राप्त सूचना के अनुसार, दिनांक 31.03.2025 तक, 96% कर्मचारी अपनी व्यावसायिक आवश्यकता के अनुसार कार्यरत हैं। कर्मचारियों की कमी में लघु अंतर अधिवर्षिता तथा अनियोजित बहिर्गमन सहित अन्य सामान्य कारकों के चलते कमी के कारण होता है। इसके अलावा, पिछले 5 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2020-25) के दौरान, बैंकों ने 148687 कर्मचारियों की भर्ती की है और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, 48570 कर्मचारियों की भर्ती चल रही है।

पिछले पांच वर्ष के दौरान कर्मचारियों की कुल संख्या का वर्ष-वार और बैंक-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

बैंक का नाम	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
बैंक ऑफ बड़ौदा	82017	78749	76509	74227	73742
बैंक ऑफ इंडिया	51459	51825	52209	50944	50564
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	12532	13128	12721	13499	14591
केनरा बैंक	88213	86919	84978	82638	81260
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	32340	30293	30770	31643	33081
इंडियन बैंक	42601	40751	41701	41025	39778
इंडियन ओवरसीज बैंक	23579	22369	22051	21475	20966
पंजाब एंड सिंध बैंक	8890	8832	8725	10148	10229
पंजाब नेशनल बैंक	101802	103144	104123	102349	102746
भारतीय स्टेट बैंक	246353	244583	236110	229788	236221
यूको बैंक	22012	21617	21698	21456	21049
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	78203	75201	75594	75866	73945

स्रोत: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक

***